# UNIT TEST - 3

**CLASS X** **HINDI (Course B)**

**SET A** **Time : 1½ hr.**
**Marks : 40**

**'खण्ड क'**

**I. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनिए। 5 × 1 = 5**

यह संतोष और गर्व की बात है कि देश वैज्ञानिक और औद्योगिक क्षेत्र में आशातीत प्रगति कर रहा है। विश्व के समृद्ध अर्थव्यवस्था वाले देशों से टक्कर ले रहा है और उनसे आगे निकल जाना चाहता है, किंतु इस प्रगति के उजले पहलू के साथ एक धुँधला पहलू भी है जिससे हम छुटकारा चाहते है। वह है नैतिकता का पहलू। यदि हमारे हृदय में सत्य, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय भावनाएँ नहीं है; देश के मान-सम्मान का ध्यान नहीं है; तो सारी प्रगति निरर्थक होगी। आज यह आम धारणा है कि बिना हथेली गर्म किए साधारण-सा काम भी नहीं हो सकता। भ्रष्ट अधिकारियों और भ्रष्ट जनसेवकों में अपना घर भरने की होड़ लगी है। उन्हें न समाज की चिंता है, न देश की। समाचार-पत्रों में अब ये रोजमर्रा की घटनाएँ हो गई हैं। लोग मान बैठे हैं कि यही हमारा राष्ट्रीय चरित्र है, जब कि वह सच नहीं है। नैतिकता मरी नहीं है, पर प्रचार अनैतिकता का हो रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती जा रही है कि जब बड़े लोग ही ऐसा कर रहे हैं तो हम क्या करें? सबसे पहले तो इस सोच से मुक्ति पाना ज़रूरी है, और उसके बाद यह संकल्प कि भ्रष्टाचार से मुक्त समाज बनाएँगे। उन्हें बेनकाब करेंगे जो देश के नैतिक चरित्र को बिगाड़ रहे हैं।

क) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक होगा:

i) भ्रष्टाचार ii) नैतिकता का पहलू iii) हमारा कर्तव्य iv) उपरोक्त कोई भी

ख) देशवासियों के लिए गर्व की बात क्या है?

i) देश वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है ii) देश औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है

iii) देश समृद्ध अर्थव्यवस्था वाले देशों से टक्कर ले रहा है iv) उपरोक्त सभी

ग) नैतिक चरित्र से लेखक का क्या आशय है?

i) सद्‌भावना से ii) ईमानदारी से iii) कर्तव्यनिष्ठा से iv) सभी से

घ) 'नैतिकता मरी नहीं है' से आशय है:

i) देश में देशभक्त हैं ii) कर्तव्यनिष्ठ हैं

iii) ईमानदार लोग हैं iv) उपरोक्त सभी

ङ) समाज अनैतिक पहलू से कैसे मुक्ति पा सकता है?

i) दृढ़ निश्चयी बनकर ii) धनी बनकर

iii) ऊँचा सामाजिक पद पाकर iv) उपरोक्त सभी

**'खण्ड ख'**

**II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनें । 2 × 1 = 2**

**क) दशरथ पुत्र राम ने रावण को मारा। वाच्य का रेखांकित पदबंध है :**

i) विशेषण पदबंध ii) संज्ञा पदबंध iii) सर्वनाम पदबंध iv) क्रिया पदबंध

**ख) गायक हारमोनियम बजा रहा है। वाच्य में रेखांकित पदबंध है-**

i) संज्ञा पदबंध  ii) क्रिया विशेषण पदबंध  iii) क्रिया पदबंध  iv) सर्वनाम पदबंध

**ग) बंटी विस्तर पर सो रही है। वाक्य में रेखांकित पदबंध है -**

i) क्रिया पदबंध  ii) विशेषण पदबंध  iii) संज्ञा पदबंध  iv) सर्वनाम पदबंध

**III. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनें ।** **2 × 1 = 2**

**क) निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए।**

i) वही बनाता-खिलाता, जिसने एक नौकर रख लिया है।

ii) उसने एक नौकर रख लिया है और वही बनाता-खिलाता है।

iii) जो एक नौकर रख लिया है, वही बनाता-खिलाता है।

iv) उसने जो नौकर रखा है, वही बनाता खिलाता है।

**ख) निम्नलिखित में से सरल वाक्य है।**

i) हम बीस-बाईस तक रुपए खर्च कर डालते हैं, जो कि दादा भेजते हैं।

ii) दादा, जो रुपए भेजते हैं, उसे हम बीस-बाईस तक खर्च कर डालते हैं।

iii) दादा के द्वारा भेजे गए रुपए हम बीस-बाईस तक खर्च कर डालते हैं।

iv) हम बीस-बाईस तक रुपए खर्च कर डालते हैं जो कि दाद द्वारा भेजे जाते हैं।

**ग) 'जैसे ही मैं बीमार होऊँगा तुम्हारे हाथ-पैर फूल जाएँगे।' वाक्य की दृष्टि से है-**

i) संयुक्त वाक्य  ii) सरल वाक्य  iii) विधानवाचक वाक्य  iv) मिश्र वाक्य

**IV. निम्नलिखित चारों भागों के उत्तर दीजिए।** **4 × 1 = 4**

**क) परीक्षा में नकल करते समय आज अनेक छात्र ..............।**

i) घड़ों पानी पड़ना  ii) रंगे हाथ पकड़ना

iii) आपे से बाहर होना  iv) अक्ल का दुश्मन

**ख) नाविक ने मोहन को उमड़ती हुई नदी पार कराने का ........... है।**

i) बीड़ा उठाना  ii) बीड़ा न उठाना  iii) बीड़ा फेंकना  iv) बीड़ा माँगना

**ग) चोर ने ............... घर में घुसकर सभी गहने चुरा लिए।**

i) दबे पाँव आना  ii) बगलें झांकना

iii) आगे-पीछे फिरना  iv) आँखों में धूल झोंककर

**घ) आज तो मैंने तुम्हारी .............. अगर कल भी तुमने काम से जी चुराया तो खैर नहीं।**

i) हवा निकालना  ii) ईट बजाना

iii) जान बख्श देना  iv) बाल की खाल निकालना

**V. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए। 5 × 1 = 5**

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती है गपशप
कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरैयें
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ो हो तोप
एक दिन तो होना ही उसका मुँह बंद।

क) यहाँ किस तोप की चर्चा है?

i) 1857 की भयंकर तोप की ii) खिलौना तोप की
iii) तोप के चित्र की iv) अंग्रेज़ों की तोप की

ख) बच्चे तोप के साथ कैसा व्यवहार करते हैं?

i) वे उसे श्रद्धा से प्रणाम करते हैं ii) वे उसे चलाकर देखते हैं
iii) वे उसे छूकर देखते हैं iv) वे उस पर घुड़सवारी का मज़ा लेते हैं

ग) चिड़ियाँ तोप पर गपशप करती हैं - इसके माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

i) आज यह तोप शांति की प्रतीक है ii) आज यह तोप शांत है
iii) आज यह तोप भाईचारा बढ़ाती है iv) आज लोग इसके बारे में गप्पें हाँकते हैं

घ) गौरैयें तोप के भीतर क्यों घुस जाते हैं?

i) गोले का आकार देखने के लिए ii) खेल समझकर
iii) गोलों से बचने के लिए iv) लोगों से बचने के लिए

ङ) तोप पर पक्षियों का चहचहाना क्या सिद्ध करता है?

i) युद्ध की ज्वाला कभी तो शांत होती ही है ii) युद्ध नहीं करना चाहिए
iii) युद्ध के लिए सदा तैयार रहना चाहिए iv) पक्षी और बच्चे युद्ध से बेखौफ रहते हैं

**VI. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनें । 5 × 1 = 5**

ऐसी एक घटना का ज़िक्र सिंधी भाषा के महाकवि शेख अयाज़ ने अपनी आत्मकथा में किया है। उन्होंने लिखा है - 'एक दिन उनके पिता कुएँ से नहाकर लौटे। माँ ने भोजन परोसा। उन्होंने जैसे ही रोटी का कौर तोड़ा। उनकी नज़र अपनी बाजू पर पड़ी। वहाँ एक काला च्योंटा रेंग रहा था। वह भोजन छोड़कर उठ खड़े हुए। माँ ने पूछा, 'क्या बात है? भोजन अच्छा नहीं लगा?' शेख अयाज़ के पिता बोले, 'नहीं, यह बात नहीं है। मैंने एक घर वाले की बेघर कर दिया है। उस बेघर को कुएँ पर उसके घर छोड़ने जा रहा हूँ।'

क) गद्यांश में किस सिंधी भाषी कवि का जिक्र हुआ है?

i) शेख रिवजी ii) शेख उस्मान iii) शेख अयाज़ iv) शेख खलीफा

ख) शेख अयाज़ के पिता कहाँ से नहाकर लौटे थे?

i) कुएँ से ii) नदी से iii) तालाब से iv) समुद्र से

ग) वे भोजन छोड़कर क्यों उठ गए थे?

i) भोजन अच्छा नहीं बना था ii) भूख नहीं थी

iii) पहले च्योंटे को कुएँ पर उसके घर छोड़ना चाहते थे iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

घ) उनकी बाजू पर क्या रेंग रहा था?

i) कीड़ा ii) साँप iii) केंचुआ iv) काला च्योंटा

ङ) भोजन किसने बनाया था?

i) शेख अयाज़ ने ii) पिता जी ने iii) माँ ने iv) नौकर ने

## 'खण्ड ग'

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) 'है टूट पड़ा भू पर अंबर!' 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने ऐसा क्यों कहा है? **2**

2) 'तोप' कविता के आलोक में विरासत में मिली चीज़ों के महत्व पर अपना दृष्टिकोण लिखिए। **2**

3) कम्पनी बाग और तोप को विरासत क्यों माना गया? **1**

4) 'शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर क्यों उठ खड़े हुए? इससे उनके व्यक्तित्व की किस विशेषता का पता चलता है? 'अब कहाँ दूसरों के दु:ख से दु:खी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए। **1**

5) बढ़ती आबादी के पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए स्पष्ट कीजिए कि, "नेचर की सहनशक्ति की भी एक सीमा होती है।" **5**

## 'खण्ड घ'

**VIII. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिदुंओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।** **5**

क) जनसंख्या नियंत्रण

- जनसंख्या वृद्धि की समस्या
- नियत्रण की आवश्यकता क्यों
- नियंत्रण कैसे?

ख) गाँवों की बदलती तस्वीर

- रहन-सहन का स्तर
- शिक्षा और आधुनिकता
- भविष्य की संभावनाएँ

ग) हिंदी हमारी पहचान

- मातृभाषा के रूप में
- सपर्क भाषा के रूप में
- हिन्दी का भविष्य

**IX.** आपने कपड़ों के छोटे-छोटे बैग तैयार किए हैं उसकी बिक्री के लिए लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

'चेक बुक' खो जाने पर बैंक प्रबंधक को एक पत्र लिखकर सूचना देते हुए उपयुक्त कार्रवाई के लिए निवेदन कीजिए।

# UNIT TEST - 3

**CLASS X** **HINDI (Course B)**

**SET B** **Time : 1½ hr.**
**Marks : 40**

**'खण्ड क'**

**I. निम्नलिखित गद्यांश का ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 × 1 = 5**

प्रथा समाज में एक नई विचारधारा को प्रखर करती है। समाज में प्रत्येक प्रथा का सूत्रपात्र किसी अच्छे उद्देश्य को लेकर ही किया जाता है, परंतु कालांतर में वही प्रथा एक रूढ़ि बन जाती है और उसमें अनेक बुराइयाँ उत्पन्न हो जाती है। तब वह समाज के लिए एक अभिशाप बन जाती है। दहेज प्रथा भी आजकल एक ऐसी रूढ़ि बन गई है जिसने हर उस मनुष्य का सुख-चैन छीन लिया है जो विवाह योग्य कन्या का पिता है। इस कुप्रथा के कारण विवाह जैसा महत्वपूर्ण एवं पवित्र संस्कार 'वर को खरीदने एवं बेचने की मंडी' बन गया है। आजकल कोई ऐसा दिन नहीं जाता जिस दिन समाचार-पत्रों में दहेज के कारण किसी नवयुवती की हत्या का समाचार पढ़ने को न मिले। आजकल यह प्रथा एक अभिशाप बन कर रह गई है। विवाह के समय कन्या के माता-पिता स्वेच्छा से वर-वधू को जो वस्त्र-आभूषण, धन आदि देते थे, उसे दहेज कहा जाता था। यह रिवाज पुराने समय से चला आ रहा है। इसमें कोई जोर-जबरदस्ती नहीं थी। परंतु समय के साथ-साथ दहेज कन्या के विवाह के लिए एक अनिवार्य शर्त बन गई। कन्या की सुपात्रता का मापदंड केवल दहेज के स्वरूप से तय किया जाने लगा है। गुणवती कन्याएँ दहेज के अभाव में अविवाहित रहने लगीं या कुपात्र के गले मढ़ी जाने लगीं। इसी कारण कन्याओं का जीवन नरक से भी बदतर होने लगा।

क) किसी भी प्रथा में कब बुराइयाँ उत्पन्न हो जाती हैं?

i) जब वह रूढ़ि बन जाए ii) जब उसका सूत्रपात हो
iii) कालंतार हो जाए iv) समाज में अभिशाप बनने लगे

ख) किस प्रथा ने मनुष्य का सुख-चैन छीन लिया है?

i) रूंढ़ि ने ii) दहेज प्रथा ने iii) कन्या विवाह ने iv) बाल विवाह ने

ग) 'एक पवित्र संस्कार' किसे कहा जाता है?

i) विवाह को ii) दहेज को iii) संस्कार को iv) अभियान

घ) 'अभिशाप' शब्द का विलोम क्या है?

i) अभिमान ii) वरदान iii) संस्कार iv) अभियान

ङ) विवाहित में किस प्रत्यय का प्रयोग है?

i) हित ii) हिल iii) इत iv) इक

**'खण्ड ख'**

**II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनें । 2 × 1 = 2**

**क) <u>पांडु पुत्र अर्जुन</u> ने भीष्म को मारा। वाक्य में रेखांकित पदबंध संबंधित है।**

i) संज्ञा पदबंध से ii) सर्वनाम पदबंध से iii) विशेषण पदबंध से iv) क्रिया-पदबंध से

**ख) सपना गीत गा रही है। वाक्य में रेखांकित पदबंध है।**

i) क्रिया पदबंध ii) सर्वनाम पदबंध iii) विशेषण पदबंध iv) क्रिया विशेषण पदबंध

**ग) नीरजा बगीचे में खेल रही है। वाक्य में रेखांकित पदबंध है।**

i) विशेषण पदबंध ii) संज्ञा पदबंध iii) सर्वनाम पदबंध iv) क्रिया पदबंध

**III. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनें । 2 × 1 = 2**

**क) निम्नलिखित में से सरल वाक्य का चयन कीजिए।**

i) यह बिल्कुल सच है आप जो कुछ कह रहे हैं।

ii) आप बिल्कुल सच कह रहे हैं।

iii) जो कुछ आप कह रहे हैं, यह बिल्कुल सच है।

iv) आप जो कुछ कह रहे हैं, यह बिल्कुल सच है।

**ख) 'यह एक सभा थी और इसे ओपन चैलेंज कहा जाना चाहिए था।' वाक्य की दृष्टि से है।**

i) मिश्र वाक्य ii) सरल वाक्य iii) संयुक्त वाक्य iv) समान्य वाक्य

**ग) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का चयन कीजिए।**

i) उनकी संख्या का पता नहीं चला जिन आदमियों को पकड़ा गया

ii) जिन आद्मियों की पकड़ा गया उनकी संख्या का पता नहीं चला

iii) पकड़े गए आद्मियों की संख्या का पता नहीं चला

iv) आद्मियों को पकड़ा गया लेकिन उनकी संख्या का पता नहीं चला

**IV. निम्नलिखित चारों भागों के उत्तर दीजिए। 4 × 1 = 4**

**क) एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गेंद को सीमा रेखा से बाहर पहुँचाना विराट कोहली के लिए ........... हैं।**

i) बाएँ हाथ का खेल ii) आँखों में धूल झोंकना

iii) खून-पसीना एक करना iv) इनमें से कोई नहीं

**ख) परीक्षा के समय रमेश को आवारागर्दी करते देखकर उसे पिताजी ने उसे ............।**

i) अंगूठा दिखाना ii) आड़े हाथों लेना

iii) टका-सा जबाब देना iv) इनमे से कोई नहीं

**ग) बीस मिनट में गणित के चालीस सवाल हल करना .............. के समान है।**

i) दाँतों पसीना आना ii) एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना

iii) दाल न गलना iv) तिल का ताड़ बनाना

**घ) सीता ने ........... प्रतियोगिता परीक्षा पास की।**

i) टका-सा जबाब देकर ii) आकाश-पाताल एक कर

iii) अपने पैरों पर खड़ा हो iv) आग-बबूला होकर

**V. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए। 5 × 1 = 5**

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
- जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल।

क) 'पावस ऋतु' का आशय है-

i) पतझड़ ii) वर्षा iii) सर्दी iv) वसंत

ख) प्रकृति में पल-पल क्या घटित हो रहा था?

i) रंग बदल रहा था ii) हवाएँ बदल रही थीं

iii) वातावरण बदल रहा था iv) लोग कपड़े बदल रहे थे

ग) पर्वत की आँखें किन्हें कहा गया है?

i) पेड़ों को ii) फूलों को iii) वनस्पति को iv) चोटी को

घ) दर्पण किसे कहा गया है?

i) पर्वत के नीचे स्थित ताल को ii) पर्वत से निकलते झरनों को

iii) पर्वत से निकलती नदी को iv) समुद्र-तट को

ङ) अपने महाकार को कौन देख रहा है?

i) मेखला ii) पर्वत iii) सुमन iv) प्रकृति

**VI. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनें । 5 × 1 = 5**

धरती किसी एक की नहीं है। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है। पहले बड़े-बड़े दालानों-आँगनों में सब मिल-जुलकर रहते थे अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है। बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है। बारूदों की विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया। अब गरमी में ज़्यादा गरमी, बेवक्त की बरसातें, ज़लज़ले, सैलाब, तूफ़ान और नित नए रोग, मानव और प्रकृति के इसी असंतुलन के परिणाम हैं।

क) लेखक के अनुसार धरती में किस-किसकी हिस्सेदारी है?

i) पशु-पक्षियों की ii) पर्वतों की iii) समुद्र की iv) ये सभी

ख) जीवन कैसे घरों में सिमटने लगा है?

i) गोल-गोल गेंदों जैसे ii) बड़े-बड़े समुद्र जैसे

iii) छोटे-छोटे डिब्बे जैसे iv) लंबी-लंबी नदियों जैसे

ग) जनसंख्या बृद्धि के क्या दुष्परिणाम हैं?

i) वृक्षों की कटाई ii) समुद्र को पीछे सरकाना

iii) (i) और (ii) दोनों iv) आँधी-तूफान आना

घ) पहले पूरा संसार किसके जैसा थो?

i) एक देश जैसा ii) एक समुद्र जैसा iii) एक गेंद जैसा iv) एक परिवार जैसा

ङ) प्रकृति के असंतुलन के परिणाम हैं।

i) बेवक्त की बरसातें ii) अत्यधिक गर्मी iii) तूफ़ान व सैलाब iv) ये सभी

**'खण्ड ग'**

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) झरने किस तरह के दिखाई देते हैं और क्यों? **1**

2) विरासत में मिली चीजों की बड़ी सँभाल क्यों होती है? 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट करते हुए तोप की विशेषताएँ भी लिखिए। **2**

3) 'प्रतीक' और 'धरोहर' कितने प्रकार की होती हैं? उनकी क्या उपयोगिता है? 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए। **2**

4) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के अनुसार, क्या मनुष्य में प्रेम और अपनत्व जैसी भावना समाप्त हो चुकी है? यदि हाँ तो क्यों? **1**

5) 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बढ़ती हुई आबादी का पशु-पक्षियों और मनुष्यों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? इसका समाधान क्या हो सकता है? **1**

**'खण्ड घ'**

**VIII. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिदुंओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।** **5**

क) जब हम चार रनों से पिछड़ रहे थे

- खिलाड़ियों की मनोदशा
- दर्शकों की मनोदशा
- प्रयास और परिणाम

ख) देश पर पड़ता विदेशी प्रभाव

- हमारा देश और संस्कृति
- विदेशी प्रभाव
- परिणाम और सुझाव

**IX.** कंप्यूटर लैब में हिंदी में काम करने की सुविधा के लिए 'हिंदी फॉन्ट' की व्यवस्था करवाने का आग्रह करते हुए प्राचर्य/प्राचार्यों को आवेदन पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

'यदि मैं प्रधानमंत्री होता' विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखें।